पुलिस अधीक्षक यातायात का कार्यालय, राँची।

–: आवश्यक सूचना :–

दिनांक–28.11.2025 को माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड सरकार के द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम मोराबादी मैदान में निर्धारित है। उक्त के मद्देनजर दिनांक 28.11.2025 को समय 06.00 बजे पूर्वा0 से कार्यक्रम समाप्ति तक के लिए निम्नांकित रूट को चिन्हित किया गया।

- दिनांक–28.11.2025 को प्रातः 06:00 बजे पूर्वाह्न से रात्रि 10:00 बजे अपराह्न तक भारी मालवाहक वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। उपरोक्त समयानुसार भारी मालवाहक वाहन रिंग रोड़ होकर अपने गंतव्य तक परिचालन कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त नो–इंट्री का समय पूर्ववत रहेगा।
- एस0एस0पी0 आवास, दिवंगत दिशम गुरू आवास, अतिथि शाला, मोराबादी टी0ओ0पी0, रेड कॉस वाले रोड में सामान्य वाहन का परिचालन वर्जित रहेगा।
- मोराबादी कार्यक्रम में आने वाले व्यक्तियों के लिए पार्किंग स्थल क्रमशः 1. फुटबॉल मैदान पार्किंग(राँची कॉलेज, मोराबादी), 2. आर्मी मैदान, मोराबादी, 3. टी0आर0आई0 मैदान(मंदिर मैदान), 4. डी0आई0जी0 ग्राउण्ड को चिन्हित किया गया है।
- केवल कार्यक्रम आने वाले व्यक्तियों के लिए जो फुटबॉल मैदान पार्किंग(राँची कॉलेज, मोराबादी) चिन्हित किया गया है, जिसमें कांके रिंग रोड, चांदनी चौक, राम मंदिर होते हुए चिन्हित पार्किंग में वाहन को पार्किंग कर मोराबादी मैदान कार्यक्रम में भाग लेंगे।
- केवल कार्यक्रम आने वाले व्यक्तियों के लिए आर्मी मैदान, मोराबादी पार्किंग चिन्हित किया गया है, जिसमें बूटी मोड़, रिम्स, करमटोली चौक होते हुए चिन्हित पार्किंग में वाहन को पार्किंग कर मोराबादी मैदान कार्यक्रम में भाग लेंगे।
- केवल कार्यक्रम आने वाले व्यक्तियों के लिए टी0आर0आई0 मैदान(मंदिर मैदान) पार्किंग चिन्हित किया गया है, जिसमें बोडेया रोड होते हुए चिन्हित पार्किंग में वाहन को पार्किंग कर मोराबादी मैदान कार्यक्रम में भाग लेंगे।
- आवश्यकतानुसार अन्य मार्गों को अल्प समय में वाहनों का परिचालान के लिए रूट **Divert** और **Stop** किया जा सकता है।
- राँची शहर के सभी नागरिकों से अपील की जाती है कि उक्त कार्यक्रम के रूट मार्ग में चारपहिया वाहनों का उपयोग ना करें। विशेष परिस्थित में ही चारपहिया वाहनों का उपयोग करें।

पुलिस अधीक्षक यातायात,
राँची।

Scanned with CamScanner

Scanned with OKEN Scanner